मूल वाद में डिक्री

(आदेश 20, नियम 6–7, जाब्ता दीवानी)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवम् पदेन सहायक कलक्टर टिब्बी

पीठासीन अधिकारी :– स्वाति गुप्ता आर.ए.एस.

राजस्व वाद संख्या :–294/2023

1. संदीप कुमार पुत्र पृथ्वीराज जाति जाट निवासी 4 एन.डी.आर. मसीतावाली तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़। – – वादी

बनाम

सुमन पुत्री पृथ्वीराज जाति जाट निवासी मसीतांवाली तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़।

2. तहसीलदार (राजस्व) टिब्बी जिला हनुमानगढ।

3. तहसीलदार (राजस्व) नोहर जिला हनुमानगढ। – – प्रतिवादीगण

अन्तर्गत धारा :– 88 आर.टी.ए. बाबत घोषणा

निर्णय दिनांक :– 30.04.2024

वादी की ओर से श्री कुन्दनलाल अधिवक्ता व प्रतिवादी की ओर से श्री विकास शर्मा अधिवक्ता की उपस्थिति में इस वाद में आज तारीख 30.4.24 को स्वाति गुप्ता आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी एवम् पदेन सहायक कलक्टर टिब्बी के समक्ष अन्तिम निपटारे के लिये पेश होनें पर आदेश किया जाकर अन्तिम डिक्री की जाती है, कि वादी के विद्वान अभिभाषक की बहस पर मनन करनें तथा पत्रावली व प्रस्तुत दस्तावेजात का अवलोकन के बाद वाद पत्र स्वीकार योग्य पाये जानें पर राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 88 के अन्तर्गत वाद पत्र में वर्णित पृथ्वीराज के नाम से चक नम्बर 4 एन.डी.आर. के वर्तमान खाता संख्या 55/43 में कुल 5.566 हैक्टर भूमि में से 1/3 हिस्सा व इसी चक के खाता संख्या 117/1 में कुल 3.036 हैक्टर में से 1/12 हिस्सा व तहसील नोहर के ग्राम थिराना के खाता संख्या 160/134 में कुल 6.324 हैक्टर में से 1/3 हिस्सा आराजी का वादी को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाकर चक नम्बर 4 एन.डी.आर. के वर्तमान खाता संख्या 55/43 व इसी चक के खाता संख्या 117/1 व तहसील नोहर के ग्राम थिराना के खाता संख्या 160/134 में से पृथ्वीराज का नाम खारिज किये जाने के आदेश दिये जाते है। इसी अनुसार राजस्व अभिलेख में अंकन किया जावे।

उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर

Signature Not Verified
Digitally signed by Swati Gupta
Date: 2024.05.08 11:22:48 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner

खर्चा फरीकैन अपना—अपना वहन करेगें। यह डिक्री आज दिनांक 30.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई

मुहर

(स्वाति गुप्ता)
उपखण्ड अधिकारी एवम्
पदेन सहायक कलक्टर
टिब्बी

वाद के खर्चे

वादी	रूपया	प्रतिवादी	रूपया
वाद पत्र के लिये स्टाम्प	——	शक्ति पत्र के लिये स्टाम्प	——
शक्ति पत्र के लिये स्टाम्प	——	अर्जी के लिये स्टाम्प	——
प्रदर्शो के लिये स्टाम्प	——	प्लीडर की फीस	——
………… रूपये पर प्लीडर की फीस	——	साक्षियों के लिये निर्वाह भत्ता	——
साक्षियों के लिये निर्वाह भत्ता	——	आदेशिका की तामिल	——
कमिश्नर की फीस	——	कमिश्नर की फीस	——
आदेशिका की तामिल	——		
योग	——	योग	——

Signature Not Verified

Digitally signed by Swati Gupta
Date: 2024.05.08 11:22:48 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner